क्रमांक-1

# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## सोमवार, दिनांक 18 फरवरी, 2013 (माघ 29, 1934)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

### 1. राष्ट्रगीत ''वन्दे मातरम्'' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत ''वन्दे मातरम्'' के समूहगान से प्रारम्भ हुई।

### 2. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि अब सदन राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा।

श्री राम नरेश यादव, राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ। तत्पश्चात्, उनके द्वारा अभिभाषण दिया गया।

(अभिभाषण के दौरान बसपा के सदस्यगण द्वारा व्यवधान एवं नारेबाजी की जाती रही)

राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण के पश्चात् चल समारोह के साथ प्रस्थान किया गया।

### 3. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव की प्रस्तुति

श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि ''राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं.''

श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 20 तथा 21 फरवरी, 2013 का समय नियत किया गया तथा घोषणा की गई कि कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन आज दिनांक 18 फरवरी, 2013 को अपराह्न 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं।

पूर्वाह्न 11.45 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 19 फरवरी, 2013 (माघ 30, 1934) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**राजकुमार पांडे**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 18 फरवरी, 2013**